कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक – उनि/सशि/निशु/पापु/शाला दर्पण/2018–19/81 दिनांक – 29/07/2019

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी

विषय :– निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों की द्वितीय चरण के पश्चात् की शेष रही पुस्तकों के वितरण एवं नोडल विद्यालयों पर आधिक्य/कमी की पूर्ति के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत बार बार निर्देशित करने के बावजूद भी नोडल विद्यालयों द्वारा आज दिनांक तक शाला दर्पण पोर्टल पर नियमित प्रविष्टि पूर्ण नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों से कोई भी विद्यार्थी वंचित रहता है अथवा किसी भी विद्यालय में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का आधिक्य होने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

शैक्षिक सत्र 2019–20 में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण का द्वितीय चरण का कार्य प्रायः समाप्त हो गया है। द्वितीय चरण के पश्चात् लगभग 10 प्रतिशत निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण से शेष है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक जिला मुख्यालय पर अवस्थित किसी एक नोडल विद्यालय पर शेष रही निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, पाठ्य पुस्तक मण्डल के जिला वितरण केन्द्र द्वारा उपलब्ध करवाने के उपरान्त तत्काल शाला दर्पण पोर्टल पर ऑनलाईन प्रविष्टि करवाई जाए तद्परान्त अधीनस्थ विद्यालयों को आवश्यकता अनुरूप उपलब्ध करवाई जाए। प्रकरण आप स्वयं व्यक्तिगत स्तर पर प्रबोधन कर जिलें के जिस भी विद्यालय में कमी अथवा आधिक्य होने की स्थिति में तद्नुसार आदान–प्रदान करवाएं।

प्रदत्त निर्देशों की पालना सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

(ओमप्रकाश कसेरा)
आई.ए.एस
निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही बाबत्:–

1. निजी सचिव, आयुक्त, समग्र शिक्षा अभियान, राजस्थान जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
3. निजी सचिव, सचिव, राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि प्रबंधक, जिला वितरण केन्द्र को निर्देशित करे कि शेष रही निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित पंचायत समिति मुख्यालय पर स्थित नोडल विद्यालय को तत्काल उपलब्ध करावें एवं पोर्टल पर प्रविष्टि सुनिश्चित करावें।
4. समस्त मण्डल संयुक्त निदेशक/समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रार./माध्य. मुख्यालय/ समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को प्रदत्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवाने बाबत्।
5. सिस्टम एनालिस्ट कार्यालय हाजा को विभागीय वेब साईट एवं शाला दर्पण पर अपलोड करने बाबत्।

www.rajteachers.com

उप निदेशक
समाज शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

कार्यालय का पता – निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर, दूरभाष – 0151–2544184 ईमेल –: socialedu.gov@gmail.com